

# अंग-बंग-कलिंग सब तरफ लहरा रहा भाजपा का झंडा

**भोपाल, 04 मई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न राज्यों में भाजपा व एनडीए को मिली प्रचंड विजय पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में महापुरूषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया.**

झालमुड़ी एवं मिष्ठान वितरण कर एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया और ढोल-नगाड़ों के साथ आतिशबाजी कर विजय उत्सव मनाया गया. तत्पश्चात् पार्टी के केंद्रीय कार्यालय दिल्ली में आयोजित विजय उत्सव में प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष



मुख्यमंत्री और खण्डेलवाल ने विधानसभा चुनावों में प्रचण्ड जीत पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में उत्सव मनाया

नितिन नवीन के संबोधन का श्रवण किया. विजय उत्सव को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अंग-बंग-कलिंग सब तरफ भाजपा का झंडा लहरा रहा है. प्रधानमंत्री की गारंटी देश की जनता के लिए सबसे बड़ा विश्वास बन चुकी है. पश्चिम बंगाल, असम, पुडुचेरी में भाजपा व एनडीए को मिला जनादेश साबित करता है अब चुनाव तुष्टिकरण और फेक मेनिफेस्टों से नहीं सुशासन के आधार पर जीते जाते हैं.

> इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, तुलसीराम सिलावट, निर्मला भूरिया, चैतन्य कुमार काश्यप, राकेश शुक्ला, कृष्णा गौर, गौतम टेटवाल, नरेंद्र शिवाजी पटेल, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ, सुरेन्द्र शर्मा, प्रदेश महामंत्री व सांसद लता वानखेड़े, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, सहित पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# किसानों के मुद्दों पर 7 मई को चक्काजाम

## मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़ा प्रदर्शन

**धार, 4 मई. जिले में किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर कांग्रेस ने 7 मई को मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम करने का आह्वान किया है. इस दौरान कई जिलों के किसानों के जुटने की संभावना है.**

कांग्रेस के अनुसार फसलों का उचित मूल्य, कर्ज माफी और समर्थन मूल्य की गारंटी जैसी मांगों को लेकर यह प्रदर्शन किया जाएगा. सुबह से शाम तक प्रस्तावित इस आंदोलन में धार, खरगोन और खंडवा जिलों के किसान शामिल होंगे.

आंदोलन की सूचना के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर सहित पुलिस अधिकारियों की टीम ने मौके का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था और बैरिकेडिंग को लेकर आवश्यक निर्देश दिए. बताया गया है कि चक्काजाम से एक दिन पूर्व जिले का पुलिस बल धामनोद के खलघाट क्षेत्र में तैनात किया जाएगा. प्रदर्शन में उमंग सिंघार, जीतू पटवारी सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे.

## अवैध रेत परिवहन रोकने अपनाई नई तकनीक

**मुरैना.** चंबल क्षेत्र से अवैध रेत के परिवहन पर रोक लगाने के लिए वन विभाग और पुलिस ने नई तकनीक अपनाई है. इसके तहत कीलों जड़ी प्लेटों का उपयोग कर ट्रैक्टर-ट्रालियों को रोका जा रहा है. अवैध रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रालियों को रोकने के दौरान पहले रेत माफिया द्वारा वाहन चढ़ाकर हमला करने की घटनाएं सामने आती थीं.

# भारत गौरव डीलक्स ट्रेन का शुरू हुआ संचालन

### रानी कमलापति- इटारसी से होकर गुजरेगी ट्रेन



**भोपाल, 04 मई. मध्यप्रदेश और आसपास के क्षेत्रों के तीर्थ यात्रियों के लिए आई आर सीटीसी द्वारा भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन का संचालन किया जा रहा है. बता दें यह विशेष ट्रेन 12 जून 2026 को इंदौर से पशुपतिनाथ दर्शन यात्रा के लिए रवाना होगी.**

जो कि इंदौर, उज्जैन, शुजालपुर, सीहोर, रानी कमलापति, इटारसी, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों से होकर गुजरेगी. जिसमें कुल 9 रात और 10 दिन की धार्मिक यात्रा के दौरान यात्रियों को नेपाल के प्रमुख दर्शनीय और धार्मिक स्थलों जैसे चितवन राष्ट्रीय उद्यान, पोखरा एवं काठमांडू का भ्रमण कराया जाएगा. वहीं यात्रा में कुल व्यय होने वाला खर्च 62 हजार 710 रुपये 3एसी, 76 हजार 550 रुपये 2एसी और 90,400 रुपये 1एसी के लिये प्रति व्यक्ति-डबल ऑक्यूपेंसी के साथ निर्धारित किया गया है.

### पैकेज की प्रमुख सुविधाएं

रेलवे के द्वारा टूर पैकेज में यात्रियों को भारत गौरव डीलक्स एसी ट्रेन में आरामदायक रेल यात्रा, ऑन-बोर्ड और ऑफ-बोर्ड शुद्ध भोजन, दर्शनीय स्थलों के लिये एसी बसों द्वारा स्थानीय परिवहन, होटल में ठहरने की समुचित व्यवस्था, टूर एस्कॉर्ट की सुविधा, यात्रा बीमा, ऑन-बोर्ड सुरक्षा और हाउसकीपिंग सेवाएं दी जायेंगी. जिससे यात्रियों का सफर आसान और आरामदायक हो सके. इच्छुक यात्री इस यात्रा की बुकिंग आई.आर.सी.टी.सी. की आधिकारिक वेबसाइट से कर सकते हैं.

### रेलवे ने 4.6 करोड़ का वसूला जुर्माना

**भोपाल.** भोपाल रेल मंडल ने बीते अप्रैल में टिकट चेकिंग अभियान चलाकर बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर कड़ी कार्रवाई की. जो कि रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के निर्देशन व वाणिज्य विभाग की टीम के आपसी समन्वय से की गई. जिसके तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष के पहले माह अप्रैल 2026 में टिकट चेकिंग अभियान के दौरान बिना टिकट के 31 हजार 107 मामलें व अनुचित टिकट के 32 हजार 469 मामलें और 257 बिना बुक गये सामान के मामलें पकड़े. जिससे भोपाल मंडल को केवल अप्रैल में कुल 63 हजार 833 मामलों से कुल 4 करोड़ 6 लाख रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ. जो कि भोपाल रेल मंडल के आय में बड़ी वृद्धि की तरह दर्ज की गई है. रलवे के वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक सौरभ कटारिया नें यात्रियों से अपील की है कि उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो.





# देवड़ा और गौतम टेटवाल ने कार्यकर्ताओं से किया संवाद

### जनसमस्याओं का किया त्वरित समाधान

**भोपाल, 04 मई. मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं प्रदेश शासन के मंत्री गौतम टेटवाल ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया.**

जिन समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है. उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उनकी कठिनाइयों को समझा और उन्हें जल्द से जल्द समाधान दिलाने का आश्वासन दिया.

### पेज एक का शेष

# पांच राज्यों के चुनाव परिणाम से निकले दूरगामी संदेश

जहां तक केरल परिणाम की बात है तो कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा ने बहुमत हासिल कर जिस तरह से शानदार वापसी की है. उससे साफ है कि इन परिणामों का राष्ट्रीय राजनीति पर व्यापक और दूरगामी प्रभाव पना तय है.कर्नाटक और तेलंगाना के बाद केरल में जीत से दक्षिण भारत में कांग्रेस की पकड़ और मजबूत हुई है. यह जीत राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी गठबंधन यानी इंडिया गठबंधन के भीतर कांग्रेस के कद और दबदबे की शक्ति को बाएगी. जबकि त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल के बाद अब केरल जैसे अंतिम ग में भी हार से वामपंथी दलों की राष्ट्रीय प्रासंगिकता पर सवाल ख? हो रहे हैं. माकपा के नेतृत्व वाले एलडीएफ की करारी हार ने राष्ट्रीय राजनीति में वामपंथ के सिमटते प्रभाव को दर्शाना आरंभ कर दिया है. इसके अलावा यह भी कहा जा रहा है कि केरल में कांग्रेस की जीत राहुल गांधी के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक संजीवनी की तरह है, जो 2027 के उत्तर प्रदेश चुनावों के लिए विपक्षी गठबंधन को नई ऊर्जा दे सकती है.

# रायसेन 44 पर तपा, 16 .8 पर थमा पचमढ़ी



**भोपाल,04 मई. प्रदेश भर में मौसम करवट बदल रहा है, कही आंधी,बारिश तो कहीं सूरज धूप छांव के साथ अठखेलियां कर रहा है. बीते दिनों मौसम विभाग ने प्रदेश भर में अलर्ट जारी कर दिया है, जिसमें सोमवार को टीकमगढ़, छतरपुर, दतिया, रीवा और भिंड शामिल थे.**

जबकि मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में जबलपुर, टनी, शहडोल, उमरिया, सीधी जैसे जिलों में आंधी तूफान आने की संभावना जताई जा रही है. वहीं सोमवार को प्रदेश में 44 डिग्री तापमान के साथ रायसेन सबसे अधिक तपा, तो 16.8 डिग्री के साथ पचमढ़ी सबसे ठंडे जिलों में शामिल रहा. हालांकि मौसम वैज्ञानिकों ने आने वाले दिनों में कई जिलों में बारिश और बिजली गिरने की आशंका भी जताई है जिसमें विदिशा, रायसेन, भिंड, नर्मदापुरम, जबलपुर,ग्वालियर मुरैना, रीवा, सतना जैसे कई जिले शामिल हैं. बता दें इन जिलों में 50 से 60 किमी की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना भी है. ऐसे में मौसम विभाग ने लोगों में घर से बेवजह बाहर न निकलने का सुझाव दिया है. साथ ही बिजली गरज और चमक से भी सतर्क रहने की हिदायत दी है.

### राजधानी में पल पल बदल रहा मौसम

भोपाल में बीते दिनों तेज आंधी बारिश के बाद रविवार का मौसम शुष्क रहा. हालांकि इस दौरान हर थोड़ी देर में कभी बदल तो कभी धूप ने पहरा दिया. लेकिन बावजूद दो दिन पहले की बारिश के बाद करीब 3 डिग्री के तापमान में वृद्धि दर्ज की गई. वहीं रविवार का मौसम भी धूप छांव सा मिला जुला रहा. वहीं अधिकतम तापमान 40 .4 और न्यूनतम तापमान 25 .6 डिग्री रहा. हालांकि मौसम विभाग में आने वाले दिनों में बारिश और आंधी के साथ बिजली गरज की सम्भावना जताई है.



## पश्चिम बंगाल विजय राष्ट्रवाद की जीत

**भोपाल.** भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने पश्चिम बंगाल में भाजपा को मिली प्रचंड जीत को राष्ट्रवाद की निर्णायक विजय बताया है. उन्होंने कहा कि यह परिणाम सिर्फ सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि विचारधारा की जीत है जहां जनता ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा. डॉ. मिश्रा ने कहा कि बंगाल की जनता ने कठिन परिस्थितियों में भी लोकतंत्र के प्रति अपनी आस्था बनाए रखी और स्पष्ट जनादेश दिया. यह जनादेश बताता है कि अब देश का मतदाता विकास, सुरक्षा और सुशासन के मुद्दों पर निर्णय ले रहा है, न कि भ्रम और तुष्टिकरण की राजनीति पर. भारतीय जनता पार्टी की यह सफलता संगठन की ताकत, कार्यकर्ताओं की तपस्या और नेतृत्व की स्पष्ट नीति का परिणाम है.



# कौशल शर्मा ने किया पदभार ग्रहण

**भोपाल, 04 मई. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल की उपस्थिति में सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के नवनियुक्त अध्यक्ष कौशल शर्मा ने पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं के साथ महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया.**

तत्पश्चात उन्होंने संस्थान पहुंचकर विधि विधान से पूजन-अर्चन कर पदभार ग्रहण किया. महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के अध्यक्ष कौशल शर्मा ने कहा कि मैंने पं. दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके सिद्धांतों से प्रेरणा लेकर सेवा करने का संकल्प लिया है. मैं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल का आभार व्यक्त करता हूं कि मुझे कार्य करने का अवसर प्रदान किया. मैं महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान की कार्यप्रणाली को समझकर मध्यप्रदेश के उन्नति के लिए कार्य करूंगा. उन्होंने कहा कि महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान केवल एक शैक्षणिक संस्था नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और संस्कृत भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन का महत्वपूर्ण केंद्र है.

संस्था के माध्यम से संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार, शोध, अध्ययन एवं नवाचार को बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि युवा पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ सके.

> इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, विश्वास सारंग, प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, मध्यप्रदेश योग आयोग के अध्यक्ष डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, मध्यप्रदेश महाराणा प्रताप कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष केशव सिंह भदौरिया, सांसद माया नारालिया सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

### समय सीमा बाह्य न हो लोक सेवा गारंटी का कोई भी प्रकरण- कलेक्टर

# कलेक्टर श्री नारायन ने ली समयसीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक

## अपने - अपने मुख्यालय में ही रहे स्वास्थ्य विभाग का सम्पूर्ण अमला : कलेक्टर

**नवभारत न्यूज**

**छिंदवाड़ा,04 मई.कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली।** बैठक में सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार, अपर कलेक्टर धीरेन्द्र सिंह, एसडीएम छिंदवाड़ा सुधीर जैन, एसडीएम जुन्नारदेव सुश्री कामिनी ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर व श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के आयुक्त सी.पी.राय, उप संचालक कृषि जितेंद्र कुमार सिंह सहित जिला प्रशासन व सभी विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। जिला मुख्यालय के अतिरिक्त अन्य एसडीएम और विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल थे। बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा के साथ ही सीएम हेल्पलाइन, न्यायालयीन प्रकरणों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं विभिन्न आयोगों के लंबित पत्रों की भी विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। विभिन्न अंतर्विभागीय विषयों पर भी चर्चा हुई और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर श्री नारायन ने सभी शिकायतों एवं पत्रों का समय सीमा के अंदर एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों की हुई समीक्षा - जल संरक्षण और जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार के लिए 30 जून 2026 तक संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रगति की विभागवार समीक्षा की गई। जिसमें ग्रामीण विकास विभाग में जिले की रैंकिंग प्रदेश में छठवें स्थान के लिए संतोष व्यक्त किया, वहीं अन्य विभागों को गति के साथ लक्ष्य के विरुद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही किए हुए कार्यों की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करना भी सुनिश्चित करें। शासन स्तर से पोर्टल पर दर्ज जानकारी के आधार पर ही समीक्षा की जा रही है।



**खरीदी का कार्य रहे सुचारू, केंद्रों पर रहे पूरी नजर** - कलेक्टर श्री नारायन ने गेहूं उपार्जन की समीक्षा की। उन्होंने सभी एसडीएम, तहसीलदार और उपार्जन समिति के सदस्यों को खरीदी कार्य और उपार्जन केंद्रों पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए और कहा कि खरीदी का कार्य सुचारू रूप से चलना चाहिए। खरीदी केंद्रों में पर्याप्त संख्या में तौल कांटे, बारदाने, सिलाई धागा, छाया, पानी, हम्मालों की व्यवस्था सुनिश्चित हो, जिससे तुलाई का कार्य गति के साथ हो और किसानों को किसी तरह की कोई असुविधा न हो। उन्होंने नागरिक आपूर्ति निगम को उपार्जित फसल का उठाव और परिवहन भी समय पर सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए ।

**ओझलढाना की विद्युत समस्या हुई दूर** - समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री नारायन के लगातार फॉलोअप से विद्युत मंडल द्वारा ओझलढाना की विद्युत समस्या दूर कर दी गई है। आज टी एल बैठक में अधीक्षण यंत्री ने समीक्षा के दौरान ओझलढाना 33/11 केव्ही उपकेंद्र एवं उपकेंद्र से संबंधित लाइनों के कार्य पूरे होने की जानकारी दी। अब क्षेत्रवासियों को वोल्टेज की समस्या के बिना सतत रूप से विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

**प्राइवेट स्कूल टीसी देने में बच्चों को न करें परेशान** - प्राइवेट स्कूल द्वारा बच्चों को टीसी न देने और अनावश्यक फीस वसूली की शिकायत आने पर कलेक्टर श्री नारायन ने नाराजगी जाहिर की और प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी इस संबंध में सभी निजी स्कूलों को पत्र जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को किस स्कूल में पढ़ाना है यह पूरी तरह उनके और उनके अभिभावकों का फैसला होना चाहिए। यदि निजी स्कूल टीसी देने में हीलाहवाली करते हैं अथवा नए सत्र में प्रवेश न लेने पर भी फीस वसूली करते हैं तो स्कूल की मान्यता रद्द करने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी करें।

**मुख्यालय में रहे स्वास्थ्य विभाग का सम्पूर्ण अमला** - दूरस्थ अंचलों के कुछ स्वास्थ्य आधिकारियों के संबंध में मुख्यालय में न रहने की शिकायत प्राप्त होने पर कलेक्टर श्री नारायन ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को स्वास्थ्य विभाग के सम्पूर्ण अमले का अपने - अपने मुख्यालय में निवास सुनिश्चित कराएं। डॉक्टर्स और स्वास्थ्य केंद्रों के स्टाफ के मुख्यालय में न रहने पर आमजन को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल पाती हैं। इसमें लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर स्वयं भी मुख्यालय में रहें और अपने आधीनस्थ सभी डॉक्टर्स और स्टाफ का निवास मुख्यालय पर सुनिश्चित कराएं।

**राशि मिलने के बाद भी मरम्मत कार्य ठीक से न करने पर ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश** - जनजातीय कार्य विभाग के आदिवासी बालक आश्रम अंबाडा के संबंध में प्रकाशित खबर को संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर श्री नारायन के निर्देश पर आयुक्त जनजातीय कार्य द्वारा मौका निरीक्षण कर जांच की गई। जिसमें संस्था के 6 कमरों में से 3 में कार्य पूर्ण पाया गया, लेकिन शेष 3 कमरों में से 2 कमरों में मरम्मत के किए जाने वाले अतिरिक्त कार्य अपूर्ण पाए गए। लापरवाही सामने आने पर उपयंत्री के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव भेजा गया है। कलेक्टर श्री नारायन ने ठेकेदार अर्चयोगी ग्राम विकास संस्थान परासिया को भी ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिए हैं।

अन्य निर्देश - समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री नारायन ने एसडीएम अमरवाड़ा को ग्राम सिंगोड़ी की शासकीय भूमि से अवैध कब्जा शीघ्र हटवाने, सभी रजिस्ट्रार को अवैध कॉलोनी के संदिग्ध प्रकरणों में नगर निगम आयुक्त एवं एसडीएम से चर्चा उपरांत ही भूखंड की रजिस्ट्री करने, नगर निगम आयुक्त को प्रत्येक 15 दिन में पंजीयक कार्यालय द्वारा की गई रजिस्ट्री की सूची प्राप्त करने और जांच कर यह सुनिश्चित करने कि अवैध कॉलोनी काटकर प्लॉट न बेचे जा रहे हों, पीएम श्रम योगी मान धन योजना के तहत पात्र व्यक्तियों के पंजीयन कार्य में गति लाने आदि से संबंधित निर्देश भी दिए।